

करके देखें

PRATHAM - SHAH PraDigi INNOVATION CENTER प्रडिजि

समतुल्य भिन्न

एक रोटी के आधे भाग पर चटनी लगाइए और चटनी लगे भाग को भिन्न में लिखिए।

अब रोटी के उन्हीं दो भागों से चार बराबर भाग कीजिए और चटनी लगे भाग को भिन्न में लिखिए।

लिखी हुई भिन्न समतुल्य हैं या नहीं? बताइए ।

20 आलूओं को 10 बराबर भागों में बांटें और 4 भाग अलग कर लें।
अलग किए गए हिस्से को भिन्न में लिखिए और फिर उस हिस्से में कितने आलू हैं, गिन लीजिए।

अब 20 आलूओं को 5 बराबर भागों में बांटें और 2 भाग अलग कर लें।
अलग किए गए हिस्से को भिन्न में लिखिए और फिर उस हिस्से में कितने आलू हैं, गिन लीजिए।

क्या दोनों बार अलग किए गए आलूओं की संख्या बराबर है?
क्या दोनों भिन्न समतुल्य भिन्न हैं ?